nt>

Title: Need to withdraw the move for setting up Neharhat Field Firing Range in Chatra parliamentary consitutuency in Jharkhand.

MR. SPEAKER: Now, Dr. Dhirendra Agarwal. Please be brief and just mention the issue.

डा. धीरेन्द्र अग्रवाल (चतरा) : अध्यक्ष जी, मेरे लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र में बेतवा नेशनल फॉरेस्ट पड़ता है, जो अपने सागवान पेड़ों के लिये प्रसिद्ध है। जब मैं चुनाव के बाद अपने क्षेत्र का भ्रमण करने गया तो मैंने देखा कि पूरे के पूरे सागवान के पेड़ काटे जा रहे हैं। वहां जानवरों की सींगों, खालों और हाथी दांत का व्यापार किया जा रहा है। इस तरह करीब-करीब पूरा का पूरा जंगल साफ हो चुका है। मैंने 16 जून को इस आशय की एक एफ.आई.आर. भी दर्ज करवाई थी लेकिन पदाधिकारों के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं की गईâ€¦ (व्यवधान)

MR. SPEAKER: You had given notice about Netarhat Field Firing Range.

DR. DHIRENDRA AGARWAL : Sir, I was mentioning about Betwa National Forest.

MR. SPEAKER: You have to mention only about Netarhat Field Firing Range. Just mention about that.

डा. धीरेन्द्र अग्रवाल : मेरे क्षेत्र के अंतर्गत नेतरहाट बहुत ही खूबसूरत जगह है जहां फील्ड फायरिंग रेंज बनाया जा रहा है। इससे पर्यावरण को बहुत अधिक खतरा होगा। गरीब आदिवासी जनता के विस्थापन का खतरा भी बढ़ जायेगा। मैं आपके माध्यम से निवेदन करना चाहता हूं कि फील्ड फायरिंग रेंज को बसाने से रोका जाये ताकि आदिवासी लोग राहत महसूस कर सकें।